RAF SECTOR
NEWS CLIP
15/07/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran , Aligarh (U.P)

गोद लिए गांव में आरएएफ ने ग्रामीणों के साथ रोपे पौधे

संसू, लोधा : ब्लाक लोधा के नेहरा गांव को आरएएफ ने 2018 से गोद ले रखा है। बटालियन से जुड़े जवान यहां आकर श्रमदान व साफ-सफाई के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। मंगलवार को कमांडेंट कमलेश कुमार, उप कमांडेंट अजीत सिंह, वाईके मिश्रा, सहायक कमांडेंट वरुण शर्मा, सूबेदार, नवीन कुमार शर्मा व संजय कुमार के नेतृत्व में गांव में पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों के साथ करीब 1800 पौधे रोपे गए। इस मौके पर प्रधान अफसर खान, भाजपा कार्यकर्ता सुनील पाठक, सुरेश चंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, कौशल शर्मा आदि मौजूद रहे।

कब्रिस्तान में पौधारोपण करते अमानउल्ला खान •सौ. से आयोजक

लोधा ब्लाक में गोद लिए गांव नेहरा में ग्रामीणों के साथ पौधारोपण करते आरएएफ के जवान • जागरण

Amar Jyoti , Aligarh (U.P)

आरएएफ ने अलीगढ़ के गोद लिए गांव में रोपे अठारह सौ पौधे

विष्णु शर्मा ब्यूरो चीफ

अलीगढ़। लोधा में आरएएफ की 104 बटालियन के कमांडेंट कमलेश कुमार उप कमांडेंट अजीत सिंह उप कमांडेंट वाई के मिश्रा सहायक कमांडेंट वरुण शर्मा सूबेदार नवीन कुमार शर्मा एवं संजय कुमार ने गोद लिए गांव नेहरा में मंगलवार को गांव में साफ सफाई करके 18 सौ पौधे लगाकर गांव को हरा-भरा किया।

नेहरा गांव को 2018 में लिया गया था गोद

आरएएफ की 104 की बटालियन के जवानों ने इस नेहरा गांव को 2018 में गोद लिया था। टीम के सदस्य समय-समय पर इस गांव की देखरेख भी रखते हैं। मंगलवार को गांव के प्रधान अफसर खान भाजपा कार्यकर्ता सुनील पाठक सुरेश चंद्र शर्मा अनिल शर्मा कौशल शर्मा एवं महिलाओं और छोटे छोटे छोटे बच्चों को साथ लेकर पौधारोपण किया।

Rajasthan Vikas Darpan, Jaipur (RJ)

पेड़ लगाओ जीवन-बचाओ की थीम पर रैपिड एक्शन फोर्स ने किया वृक्षारोपण

राजस्थान विकास दर्पण

आमेर/रोहन शर्मा। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से पर्यावरण की शुद्धता के लिए वृक्षारोपण किया गया। भारत सरकार की ओर से देश भर में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के निर्देशन में बटालियन मुख्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए: कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम सहगल, पुलिस महानिरीक्षक ने पर्यावरण की महत्ता और संरक्षण को समझाते हुये बताया कि पेड़ हमें खुशहाल जीवन व्यतित करने के लिए छाया ही नही बल्कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। पेड. पौधे मनुष्य को अनाज, जड़ी-बूटी, फल-फूल, ईंधन, लकड़ी उपलब्ध करवाने के साथ साथ मनुष्यों एवं प्राणियों को शुद्ध वातावरण प्रदान करते है, साथ ही जवानों को प्रेरित किया कि हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए एवं दुसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे प्रकृति एवं वन्य जीवों के आवास को भी बचाया जा सके। साथ ही कोविड-19 महामारी के बारे में बताते हुए कोविड की दुसरी लहर के बारे में बताया कि कोविड की दुसरी लहर बहुत ज्यादा खतरनाक हैं इसलिये सतर्क रहे एवं कोविड महामारी के बचाव हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी गाइडलाईनों का सख्ती से पालन करें।

हमारे जीवन में पेड़ों के महत्व: प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेंट83 बटालियन ने बताया कि मनुष्य जीवन में वृक्ष का बहुत महत्व होता क्योंकि उनसे हमें ऑक्सीजन मिलती हैं। इसलिए पौधा लगाने के बाद इसकी देखभाल भी जरूरी हैं। क्योंकि सार संभाल होने के बाद ही एक पौधा वृक्ष बनता है।83 बटालियन द्वारा चलाई जा रही वृक्षारोपण की मुहीम को आगे बढ़ाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।जवानों के परिवार व बच्चों ने भी भाग लिया व बढ़चढ़ कर पेड़ लगाये। कार्यक्रम में विक्रम सहगल, पुलिस महानिरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रवीण कुमार सिंह, कमाण्डेन्ट, सुरेष सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी, बटालियन के अधिकारीगण, जवान तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।